प्रेस विज्ञप्ति
भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>भाविप्रा द्वारा अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के लिए रियायत समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए।</u>

नई दिल्ली,14 फरवरी,2020: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के प्रचालन, प्रबंधन और विकास के लिए पीपीपी मोड के माध्यम से कन्सेशनेयर्स अर्थात अडानी अहमदाबाद अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड, अडानी लखनऊ अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड और अडानी मंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लिमिटेड के साथ आज तीन रियायत समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर किए। भाविप्रा की ओर से श्री बी.के. मेहरोत्रा, कार्यपालक निदेशक, कार्यनीतिक पहल एकक एवं श्री बेहनाद ज़ांडी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी -एयरपोर्ट्स अडानी एंटरप्राइज़ लिमिटेड द्वारा भाविप्रा के निगमित मुख्यालय में अध्यक्ष, भाविप्रा, बोर्ड के सदस्यों एवं भाविप्रा और अडानी एंटरप्राइसेज़ लिमिटिड के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

कन्सेशनेयर्स 14 फरवरी,2020 से 180 दिनों के भीतर कुछ पूर्ववर्ती शर्तों को पूरा करने के पश्चात अहमदाबाद,लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों का प्रभार ग्रहण कर लेंगे और रियायत समझौता पत्रों में विनिर्दिष्ट नियम और शर्तों के अनुसार अगले 50 वर्षों के लिए हवाई अड्डों का प्रचालन, प्रबंधन और विकास करेंगे।

भाविप्रा द्वारा दिसंबर 2018 के दौरान छह हवाई अड्डों (नामत: अहमदाबाद, लखनऊ, मंगलुरु गुवाहाटी,जयपुर और तिरुवनंतपुरम) के लिए पीपीपी ट्रान्ज़ेकशन हेतु एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया शुरू की गई थी और अडानी एंटरप्राइसेज़ लिमिटेड इन हवाई अड्डों के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी के रूप में सामने आई। जुलाई 2019 के दौरान, केंद्र सरकार ने अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के लिए उच्चतम बोली लगाने वाले को कार्य अवार्ड करने की मंजूरी दी। शेष तीन हवाई अड्डों के संबंध में केंद्र सरकार की मंजूरी अभी प्रतीक्षित है।

कन्सेशनेयर्स प्रति यात्री घरेलू शुल्क के रूप में (यात्रियों के चढ़ने एवं उतरने दोनों के लिए) अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के लिए क्रमशः रु 177.00 और रु 171.00 एवं रु 115.00 का भुगतान भाविप्रा को करेंगे और अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के मामले मेंए कन्सेशनेयर्स प्रति यात्री घरेलू शुल्क का दो गुना भुगतान करेंगे। इसके अलावा, सीपीआई (आईडब्ल्यू) में फेरबदल को ध्यान में रखते हुएए वार्षिक आधार पर प्रति यात्री शुल्क संशोधित किया जाएगा।

भाविप्रा को मिलने वाले रियायत शुल्क का उपयोग अन्य ब्राउनफील्ड हवाई अड्डों के रखरखाव और विकास के साथ-साथ देश भर में आरसीएस .उड़ान और अन्य ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों के विकास के लिए भी किया जाएगा।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी

विवरण के लिए संपर्क करें:
महाप्रबंधक (सीसी)एफोन नं. 011-24622787

प्रेस विज्ञप्ति सं. 60/2019-20

श्री अरविंद सिंह, अध्यक्ष, भाविप्रा की उपस्थिति में अहमदाबाद, लखनऊ और मंगलुरु हवाई अड्डों के प्रचालनए प्रबंधन और विकास हेतु भाविप्रा की ओर से श्री बी.के. मेहरोत्राए कार्यपालक निदेशक, कार्यनीतिक पहल एकक और श्री बेहनाद ज़ांडी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी – एयरपोर्ट्स अडानी एंटरप्राइज लिमिटेड तीन रियायत समझौता पत्रों पर हस्ताक्षर करते हुये।